Phone & Fax:– 0135–2530467, 25304

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग
"व्यवस्थापन 'घ' वर्ग" उत्तराखण्ड देहरादून

OFFICE OF THE ENGINEER IN CHIEF, P.W.D., DEHRADUN, UTTARAKHAND

Website-http://pwd.uk.gov.in E-Mail- estd.pwduk@gmail.com

पत्रांकः– 731 /02व्यघ–सामान्य/26 दिनांक 02 /07/2026

## "कार्यालय ज्ञाप"

स्थानान्तरण अधिनियम–2017 में निहित प्राविधानों के तहत सामान्य स्थानान्तरण सत्र 2026–27 के अन्तर्गत सुगम क्षेत्र से दुर्गम क्षेत्र हेतु इस कार्यालय के ज्ञाप संख्या–725/02 व्यघ–सा0/26 दिनांक 30.06.2026 के कमांक–04 पर अंकित श्री अमित सेमवाल, अपर सहायक अभियन्ता (सिविल), निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग, देहरादून का स्थानान्तरण कार्यहित में राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बड़कोट किया गया है।

उक्त के क्रम में अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, देहरादून ने अपने पत्र संख्या–2418/6ई0 दिनांक 01.07.2026 द्वारा अवगत कराया गया है कि श्री अमित सेमवाल, अपर सहायक अभियन्ता (सिविल) द्वारा लोक भवन, देहरादून में माननीय राज्यपाल महोदय, द्वारा अपेक्षित अतिमहत्वपूर्ण बहुउद्देशीय भवनों का निर्माण कार्य एवं अन्य महत्वपूर्ण निर्माण व रख–रखाव कार्यों के दायित्वों का निर्वहन किया जा रहा है। श्री अमित सेमवाल को यदि कार्यमुक्त किया जाता है, तो लोक भवन, देहरादून के गतिमान कार्यों की प्रगति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की प्रबल सम्भावना है, जिसके दृष्टिगत लोक भवन देहरादून में गतिमान बहुउद्देशीय भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण होने तक कार्यहित में श्री अमित सेमवाल, अपर सहायक अभियन्ता (सिविल), को यथावत् रखने जाने का अनुरोध किया गया है।

अतः अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, देहरादून द्वारा प्राप्त संस्तुति के आधार पर लोक भवन देहरादून में गतिमान बहुउद्देशीय भवनों के निर्माण कार्य पूर्ण होने तक श्री अमित सेमवाल, अपर सहायक अभियन्ता (सिविल) को अग्रिम आदेशों तक निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, देहरादून में ही यथावत् रखे जाने के आदेश एतद्द्वारा पारित किये जाते है।

(राजेश चन्द्र)
प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. सचिव, लोक निर्माण विभाग, उत्तरांखण्ड शासन महोदय के संज्ञानार्थ।
2. मुख्य अभियन्ता, (क्षेत्रीय कार्यालय/रा0मा0) लोक निर्माण विभाग, देहरादून।
3. अधीक्षण अभियन्ता, 09/10 वॉ वृत्त, लोक निर्माण विभाग, देहरादून।
4. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण/रा0मा0 खण्ड, लोक निर्माण विभाग, देहरादून/ बड़कोट।
5. सम्बन्धित कार्मिक।
6. गार्ड पत्रावली हेतु।

प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष

Scanned with OKEN Scanner

Phone & Fax:– 0135–2530467, 25304

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग
''व्यवस्थापन 'घ' वर्ग'' उत्तराखण्ड देहरादून

OFFICE OF THE ENGINEER IN CHIEF, P.W.D., DEHRADUN, UTTARAKHAND

Website-http://pwd.uk.gov.in E-Mail- estd.pwduk@gmail.com

पत्रांकः– 730 /02व्यघ–सामान्य/26 दिनांक 02/07/2026

## "कार्यालय ज्ञाप"

स्थानान्तरण अधिनियम–2017 में निहित प्राविधानों के तहत सामान्य स्थानान्तरण सत्र 2026–27 के अन्तर्गत दुर्गम क्षेत्र से सुगम क्षेत्र हेतु इस कार्यालय के ज्ञाप संख्या–725/02 व्यघ–सा0/26 दिनांक 30.06.2026 के कमांक– 87 पर अंकित श्री सन्तोष पन्त, अपर सहायक अभियन्ता (सिविल), पी0आई0यू0 लोक निर्माण विभाग, ब्रदीनाथ (मुख्यालय– ज्योतिर्मठ) का स्थानान्तरण कार्यहित में निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रामनगर किया गया है।

उक्त के क्रम में अधीक्षण अभियन्ता, सप्तम् वृत्त, लोक निर्माण विभाग, गोपेश्वर ने अपने पत्र संख्या– 2464 /327 व्यक–7/2026 दिनांक 02.07.2026 द्वारा अवगत कराया गया है कि श्री बद्रीनाथ धाम में माननीय प्रधानमंत्री जी भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं के अन्तर्गत निर्माण एवं पुनर्विकास के विभिन्न कार्य वर्तमान में गतिमान है, जिस हेतु उक्त परियोजना को सफलतापूर्वक और समयान्तर्गत पूर्ण करने के लिए उपरोक्त कार्मिक की भूमिका महत्वपूर्ण है, जिस हेतु श्री सन्तोष पन्त, अपर सहायक अभियन्ता (सिविल) के किये गये स्थानान्तरण को निरस्त करते हुये खण्ड में यथावत रखने का अनुरोध किया गया है।

उत्तराखण्ड शासन, लोक निर्माण अनुभाग–01 के कार्यालय ज्ञाप संख्या 1578/III(1)– 2021 –01(10) अधि0/2021 दिनांक–04.08.2021 एवं शासकीय ज्ञाप संख्या–1586/III(1)/21–01(10) अधि0/ 2021 दिनांक 17.08.2021 द्वारा प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0, उत्तराखण्ड को पी0आई0यू0 बद्रीनाथ एवं श्री केदारनाथ धाम के निर्माण/पुनर्निर्माण कार्यो के सुचारू संचालन एवं निर्धारित समयान्तर्गत समस्त कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु सहायक अभियन्ता/कनिष्ठ अभियन्ता एवं गैर तकनीकी/सहायक कार्मिकों की तैनाती के सम्बन्ध में अधिकृत किया गया है।

अतः अधीक्षण अभियन्ता, सप्तम् वृत्त, लोक निर्माण विभाग, गोपेश्वर द्वारा प्राप्त संस्तुति के आधार पर श्री बद्रीनाथ धाम में चल रहे अति महत्वपूर्ण विकास कार्यो के दृष्टिगत इस कार्यालय के ज्ञाप दिनांक 30.06.2026 के कमांक– 87 पर अंकित श्री सन्तोष पन्त, अपर सहायक अभियन्ता (सिविल), पी0आई0यू0 लोक निर्माण विभाग, ब्रदीनाथ (मुख्यालय–ज्योतिर्मठ) का निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रामनगर किये गये स्थानान्तरण को निरस्त करते हुए यथावत् रखे जाने के आदेश एतद्द्वारा पारित किये जाते है।

(राजेश चन्द्र)
प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. सचिव, लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड शासन महोदय के संज्ञानार्थ।
2. मुख्य अभियन्ता, (क्षेत्रीय कार्यालय) लोक निर्माण विभाग, पौड़ी/हल्द्वानी।
3. अधीक्षण अभियन्ता, 07 वॉ/द्वितीय वृत्त, लोक निर्माण विभाग, गोपेश्वर/नैनीताल।
4. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण/पी0आई0यू0 खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रामनगर/ब्रदीनाथ।
5. सम्बन्धित कार्मिक।
6. गार्ड पत्रावली हेतु।

प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष

Scanned with OKEN Scanner

Phone & Fax:– 0135–2530467, 25304

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग
''व्यवस्थापन 'घ' वर्ग'' उत्तराखण्ड देहरादून

OFFICE OF THE ENGINEER IN CHIEF, P.W.D., DEHRADUN, UTTARAKHAND

Website-http://pwd.uk.gov.in E-Mail- estd.pwduk@gmail.com

पत्रांकः– 729 /02व्यघ–सामान्य/26 दिनांक 02 /07/2026

## "कार्यालय ज्ञाप"

स्थानान्तरण अधिनियम–2017 में निहित प्राविधानों के तहत सामान्य स्थानान्तरण सत्र 2026–27 के अन्तर्गत दुर्गम क्षेत्र से सुगम क्षेत्र हेतु इस कार्यालय के ज्ञाप संख्या–725/02 व्यघ–सा0/26 दिनांक 30.06.2026 के कमांक–10 पर अंकित श्री सूरज सिंह, मानचित्रकार, पी0आई0यू0 लोक निर्माण विभाग, ब्रदीनाथ (मुख्यालय–ज्योतिर्मठ) का स्थानान्तरण कार्यहित में प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, हरिद्वार किया गया है।

उक्त के कम में अधीक्षण अभियन्ता, सप्तम् वृत्त, लोक निर्माण विभाग, गोपेश्वर ने अपने पत्र संख्या–2443 /03 व्यक–7/2026 दिनांक 01.07.2026 द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्तमान में मा0 प्रधानमंत्री जी भारत सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट में श्री ब्रदीनाथ धाम परिक्षेत्रान्तर्गत मास्टर प्लान के अनुरूप वर्तमान में निर्माण, पुनर्स्थापना एंव पुनर्विकास कार्य गतिमान है। उक्त परियोजना को सफलतापूर्वक और समयान्तर्गत पूर्ण करने हेतु श्री सूरज, मानचित्रकार के किये गये स्थानान्तरण आदेश पर पुर्नविचार करते हुये खण्ड में यथावत रखने का अनुरोध किया गया है।

उत्तराखण्ड शासन, लोक निर्माण अनुभाग–01 के कार्यालय ज्ञाप संख्या 1578/III(1)–2021–01(10) अधि0/2021 दिनांक–04.08.2021 एवं शासकीय ज्ञाप संख्या–1586/।।।(1)/21–01(10) अधि0/ 2021 दिनांक 17.08.2021 द्वारा प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0, उत्तराखण्ड को पी0आई0यू0 बद्रीनाथ एवं श्री केदारनाथ धाम के निर्माण/पुनर्निर्माण कार्यो के सुचारू संचालन एवं निर्धारित समयान्तर्गत समस्त कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु सहायक अभियन्ता/कनिष्ठ अभियन्ता एवं गैर तकनीकी/सहायक कार्मिकों की तैनाती के सम्बन्ध में अधिकृत किया गया है।

अतः अधीक्षण अभियन्ता, सप्तम् वृत्त, लोक निर्माण विभाग, गोपेश्वर द्वारा प्राप्त संस्तुति के आधार पर श्री बद्रीनाथ धाम में चल रहे अति महत्वपूर्ण विकास कार्यो के दृष्टिगत इस कार्यालय के ज्ञाप दिनांक 30.06.2026 के कमांक– 10 पर अंकित श्री सूरज सिंह, मानचित्रकार, पी0आई0यू0 लोक निर्माण विभाग, ब्रदीनाथ (मुख्यालय– ज्योतिर्मठ) का प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, हरिद्वार किये गये स्थानान्तरण को निरस्त करते हुए यथावत् रखे जाने के आदेश एतद्द्वारा पारित किये जाते है।

(राजेश चन्द्र)
प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. सचिव, लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड शासन महोदय के संज्ञानार्थ।
2. मुख्य अभियन्ता, (क्षेत्रीय कार्यालय) लोक निर्माण विभाग, पौड़ी/देहरादून।
3. अधीक्षण अभियन्ता, 07/09 वॉ वृत्त, लोक निर्माण विभाग, गोपेश्वर/देहरादून।
4. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय/पी0आई0यू0 खण्ड, लोक निर्माण विभाग, हरिद्वार/ब्रदीनाथ।
5. सम्बन्धित कार्मिक।
6. गार्ड पत्रावली हेतु।

प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष

Scanned with OKEN Scanner